सावन, मास , वर्ष-10, अंक 132, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, बुधवार 31 जुलाई, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन



अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रो का सिकंदराबाद मे रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रो का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**



प्रदेश आस/पास



# प्रयागराज बिजली विभाग प्राइवेट कंपनियां द्वारा चलाया गया बिजली मीटर बदलो अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज बिजली विभाग प्राइवेट कंपनियां द्वारा चलाया जा रहा बिजली मीटर




बदलो अभियान के तहत आज प्रयागराज शाहगंज इलाके में प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी व उनके अधिकारी द्वारा शाहगंज क्षेत्र में बिजली मीटर बदलने आए लोग सुबह से हर एक घर को टारगेट बनाते हुए प्रीपेड मीटर जबरन लगा रहे हैं प्रत्येक घर की फोटो खींचकर भवन स्वामी से यह कहते हैं कि आपका मीटर पूरी तरह से खराब हो चुका है और बहुत तेज भाग रहा है बिजली विभाग ने हमको भेजा है मीटर बदलने के लिए भवन स्वामी द्वारा बताया गया कि मेरा मीटर सही है और इसका बिल प्रतिमा में जमा भी करता हूं और मेरा बिजली का बिल 600 700 के आसपास आता है लेकिन प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी जबरन मीटर को उखाड़ कर नया प्रीपेड मीटर लगाने की कोशिश कर रहे हैं वही शाहगंज क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो बिजली का मीटर लगाने आए कर्मचारियों व अधिकारी भाग खड़े हुए पूछे जाने पर कोई कर्मचारियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं कर्मचारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि अगर किसी का बिजली का बिल बकाया है तो उनको 4 से 5 महीने का बिजली विभाग समय दे रहा है वह अपना भुगतान कर ले उसके बाद प्रीपेड मीटर चालु हो जाएगा सवाल यह उठता है कि आज पुराने बिजली के मीटर में लोग भुगतान कर रहे हैं जो लोगों को लगता है कि यह सही है फिर भी प्राइवेट कंपनियों द्वारा प्रीपेड मीटर जबरन लोगों के घरों में लगाया जा रहा है सवाल यह पैदा होता है कि अगर बिजली का मीटर बिजली विभाग द्वारा खराब बताया गया है तो बिजली विभाग अपना मीटर खुद क्यों नहीं लग रहा है प्राइवेट कंपनियों को प्रीपेड मीटर जबरन लोगों को ऊपर थोपने का काम क्यों कर रहा है

# पॉवर ग्रिड के टॉवर पर चढ़ी किशोरी, मचा हंगामा परिजनों के डांटने पर उठाया खौफनाक कदम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** किशोरी के टॉवर पर चढ़ने की सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच





गई। पुलिस या कोई भी टॉवर पर चढ़ने का प्रयास करता तो किशोरी और ऊपर चली जा रही थी। इससे पुलिस और ग्रामीणों अनहोनी की आशंका बढ़ती जा रही थी।सोनभद्र के शाहगंज थाना क्षेत्र के सिद्धी गांव में रविवार की शाम परिजनों की डांट से नाराज होकर किशोरी पावर ग्रिड के ऊंचे टॉवर पर चढ़ गई। करीब 40 फीट ऊंचाई चढ़ी किशोरी को नीचे उतारने के लिए पुलिस व परिजन देर शाम तक मशक्कत करते रहे। कोई टॉवर पर चढ़ता तो किशोरी के और ऊपर चढ़ जाती। इससे लोग परेशान रहे। सिद्धी गांव के कोलान बस्ती निवासी एक किशोरी (14) के पास से किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन बरामद हुआ। उलाहना मिलने पर घर वालों ने उसे डांट लगा दी। किशोरी को यह बात इतना नागवार लगी कि वह घर से निकल गई और कुछ दूर पर मौजूद पॉवर ग्रिड के टॉवर पर चढ़ने लगी। आसपास के लोगों और परिजनों की नजर पड़ी तो वह दौड़कर उस ओर पहुंचे। किशोरी को आवाज लगाते हुए नीचे उतरने के लिए कहते रहे, लेकिन वह ऊपर की ओर ही बढ़ती गई। सूचना पाकर एसओ वंदना सिंह फोर्स के साथ पहुंची। आननफानन सूचना देकर ग्रिड से आपूर्ति बंद कराई गई। पुलिस ने भी किशोरी को नीचे उतारने के लिए काफी मशक्कत की, मगर बात नहीं बनी। पुलिसकमिन्यों ने टॉवर पर चढ़ने का प्रयास किया तो किशोरी भी ऊपर की तरफ बढ़ने लगी। टॉवर पर पॉवर ग्रिड की लाइन गुजरी थी, जिससे लोग अनहोनी की आशंका में सहमे रहे। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। देर रात तक किशोरी को उतारने की कोशिश जारी रही।

# नायब तहसीलदार और लेखपाल पर रिश्वत का आरोप लगा कर किया हंगामा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडी।** नोएडा ग्रेटर नोएडा सदर तहसील के नायब तहसीलदार और लेखपाल पर किसानों नें रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है त् रिश्वत मांगने का वीडियो भी सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है, जिसको लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के साथ किसानों नें डी एम कार्यालय पर पहुंच कर हंगामा किया त् इस सम्बन्ध में आरोपियों के खिलाफ कार्य वाई की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौपा गया है त् साथ ही, जल्द ही कार्य वाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की भी चेतावनी किसानों नें दी है संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरबीर नागर नें बताया है की सदर तहसील के लेखपाल राजेश शर्मा नें एक किसान से उसकी जमीन का दाखिल ख़ारिज करने की एवज में 20 हजार रूपये की रिश्वत मांगी है त् जिसका वीडियो भी पीड़ित की ओर से बना लिया गया था, जो शोसल मिडिया पर वायरल हो रहा है त् शिकायत करने पर नायब तहसील दार नें भी लेखपाल का साथ दिया है त् साथ ही पीड़ित किसान को धमकी दी है त् इसे लेकर किसानों नें सोमवार को डी एम कार्यालय पर पहुंच कर हंगामा किया त् बाद में मांगो से संबंधित ज्ञापन भी डी एम को सौपा गया इस दौरान वहाँ मौजूद अधिकारीयों नें जाँच के बाद दोषियो के खिलाफ कार्यवाही करने का अस्वासन दिया है त् आरोप है की एस डी एम से भी दोनों की शिकायत की गई त् लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई किसानों का कहना है की जल्द ही दोनों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो वह एकत्रित हो कर डी एम कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन प्रदर्शन करेंगे ।

# पडिला पूर्वी प्रजापति धर्मशाला ध्वस्तीकरण मामले ने पकड़ी तुल जांच के लिए पहुंचे सीआरओ एडीएम एसडीएम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** थरवई प्रयागराज थरवई क्षेत्र के पांडेश्वर नाथ धाम पडि़ला में प्रजापति धर्मशाला को राजस्व विभाग के कर्मीयों द्वारा ध्वस्तीकरण कर दिया गया था। जिससे



प्रजापति समाज के लोग काफी आक्रोशित थे। इसी बात को लेकर प्रजापति समाज के सामाजिक संगठन के लोग उपमुख्यमंत्री से लखनऊ कार्यलय जाकर इसकी शिकायत किया था। इस बात को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जिलाधिकारी प्रयागराज को अवैध रूप किये जा रहे। नव निर्माण कार्य रोक देने का आदेश दिया था। जिलाधिकारी प्रयागराज ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए प्रजापति धर्मशाला ध्वस्तीकरण मामले की जांच के लिए एडीएम (नजूल), मुख्य राजस्व अधिकारी, एसडीएम, को भेजा। मौके पर पहुंच कर अधिकारियों ने प्रजापति धर्मशाला ध्वस्तीकरण की जांच की मौके पर पहुंचे प्रजापति समाज के लोगों ने अपनी बात अधिकारियों के सामने रखी। कि यहां पर शौचालय का निर्माण कार्य ना किया जाए। शौचालय का निर्माण किसी दूसरे जगह किया जाय। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने प्रजापति धर्मशाला के सही कागजात मांगे समाज द्वारा दी गई कागजात से राजस्व विभाग के अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। प्रजापति समाज के लोग भी राज्स्व विभाग के अधिकारियों की जांच को सही नहीं बताया। समाज के लोगों में मेला अधिकारियों के खिलाफ रोष व्याप्त है। इस मौके पर भाजपा गंगापार मंडल मंत्री त्रिभुवन प्रजापति, दयाशंकर प्रजापति, अनिल प्रजापति, शिवमूरत प्रजापति आदि प्रजापति समाज के लोग मौजूद रहे मौजूद समाज के लोगों का कहना है कि अगर हमारी समस्या का समाधान अगर नहीं होता तो हम प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री एवं डिप्टी सीएम के पास प्रजापति समाज के साथ जाएंगे क्योंकि ऐसे कर्मचारियों के कारनामों से वर्तमान सरकार की छवी धूमिल हो रही है अभी हाल में ही बीते चुनाव जीता जागता मिसाल अयोध्या में देखने को मिला है भ्रष्टाचार एवं करप्शन में लिप्त अधिकारियों की वजह से सरकार का महान मर्दन हुआ अगर समय रहते इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में अपूर्णनीय छति होगा।

# थरवई थाने में किसान पंचायत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** फूलपुर ़ भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा आज मंगलवार को थाना थरवई में किसान पंचायत लगाई जाएगी बता दें कि विगत 26 जुलाई को सहसों ब्लॉक में लगाई गई किसान पंचायत ने महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा से कुछ लोग द्वारा अभद्रता की गई परंतु उलटे 29 जुलाई को जे.ई.आर.ई.एस द्वारा थरवई थाने में महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा तथा कुछ किसानों के खिलाफ पेश बंदी के चलते एफ.आई.आर दर्ज कर दी जिसके चलते किसानों में नाराजगी व्याप्त है इसलिए 30 जुलाई को थाना थरवई पर किसान पंचायत लगाई जाएगी जिसमें गंगा पार के युवा अध्यक्ष अनवर अली फारुकी फूलपुर तहसील अध्यक्ष हरगोविंद यादव तथा विधि सलाहकार अशोक कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहेंगे उक्त सूचना अशोक कुमार मिश्रा द्वारा प्राप्त हुई।

# नहरों में पानी न आने की शिकायत प्रमुख से की

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**फूलपुर ।** फूलपुर उत्तरी क्षेत्र के दर्जनों लोग सोमवार दोपहर क्षेत्र पंचायत प्रमुख फूलपुर वीरेन्द्र सिंह पटेल से मिले और फूलपुर उत्तरी क्षेत्र का नहरों में बंधी लगी होने की शिकायत की। बता दें कि लतीफपुर माईनर सौरहां माईनर कुसेहटा माईनर से फूलपुर के उत्तरी क्षेत्र की सिंचाई होती है। परंतु किसानों का आरोप था कि माईनरों को दबंग किसानों ने मजबूती से बांध रखा है और अपने धान के खेतों में जबरदस्त जल भराव कर लिया है। प्रमुख फूलपुर ने नहर विभाग के ए.ई बसंत लाल को कर्रा करते हुए अविलम्ब बंधी तोड़वा कर टेल की आखिरी छोर तक पानी पहुंचाने को कहा। ए.ई बसंत लाल ने बताया कि फिलहाल रोस्टर के अनुसार 10 दिन तक पानी इधर बंद कर दिया गया है। अब पानी आते ही मैं स्वयं पेट्रोलिंग करूंगा और कोशिश करूंगा कि अधिकांश किसानों को लाभ मिले।

# पाकेट 7 के कई फ्लैटों में एक ही रात हुई चोरी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडी।** नोएडा सेक्टर 82 पाकेट 7 जनता फ्लैट में 20-21 जुलाई की रात में 6 फ्लैटों में ताला तोड़कर चोर सामान उठा ले गए। लेकिन आज एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा। पाकेट वासियों में इस बावत काफी गुस्सा भरा हुआ है। इसी संदर्भ में आज आर डब्लू ए उपाध्यक्ष रवि राघव के नेतृत्व में डिप्टी कमिशनर से मुलाकात की और अपनी सोसाइटी मे पिछले सप्ताह हुई चोरी की घटनाओं के विषय में बातचीत की और अभी तक अपराधियों के न पकड़े जाने पर रोष व्यक्त किया। डिप्टी कमिशनर ने आश्वाशन दिया कि पुलिस अपना कार्य कर रही है और अपराधी अति शीघ्र पकड़े जाएंगे, इस अवसर पर गोरे लाल, सुशील पाल,दीपक तिवारी, अनूप सिंह,अंगद सिंह तोमर,श्री राम त्रिपाठी,मनोज झा,रणवीर सिंह,रमेश चन्द्र शर्मा आदि पदाधिकारी एवं पॉकेटवासी उपस्थित रहे।








DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE
URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST , SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879

# देश/विदेश





भारत

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी, निवेश के लिए गोल्ड ईटीएफ या गोल्ड बॉन्ड में से कौन-सा है बेहतर विकल्प

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत में सोनाखरीदाना शुभ माना जाता है। इसके अलावा यह निवेश के लिए भी लोगों की पहली पसंद होती है। दरअसल, माना जाता है कि गोल्ड में बाकी इन्वेस्टमेंट ऑप्शन से ज्यादा रिटर्न मिलता है क्योंकि मंदी या महंगाई किसी भी समय में यह मजबूती के




साथ पॉजिटिव रिटर्न देता है। जून में जहां सोने की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली थी। वहीं, यूनियन बजट के बाद सोने की कीमतों में नरमी आ गई। 23 जुलाई को पेश हो चुके आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने गोल्ड के आयात पर लगने वाले टैक्स को 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी कर दिया है। इंपोर्ट ड्यूटी कम हो जाने की वजह से सोने की कीमतों में नरमी आई। भारत में गोल्ड का प्रोडक्शन नहीं होता है और यह दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड कंज्यूमर देश भी है, ऐसे में ड्यूटी टैक्स कम होने के कारण कीमतों में गिरावट आई। सोने की कीमतों में आई नरमी के बाद लोग कन्फ्यूजन में है कि वह ज्यादा से ज्यादा लाभ पाने के लिए गोल्ड के किस रूप में निवेश करें इसका मतलब है कि वह फिजिकल गोल्ड , ईटीएफ या सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में से किसमें निवेश करें शॉर्ट टर्म प्रॉफिट के हिसाब से गोल्ड ईटीएफ काफी अच्छा ऑप्शन है। इसमें निवेशक कभी भी अपनी इच्छा के हिसाब से पैसे निकाल सकता है। यानी कि निवेशक अपनी मर्जी से इसे खरीद या बेच सकते हैं। गोल्ड ईटीएफ में फिजिकल गोल्ड की तुलना में कम पर्चेजिंग चार्ज लगता है और यह 100 फीसदी शुद्धता की गारंटी देता है गोल्ड ईटीएफ में आप एसआईपी के जरिये निवेश कर सकते हैं। गोल्ड ईटीएफ की खास बात यह है कि लोन लेते वक्त इसे सिक्योरिटी के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। फिजिकल गोल्ड और डिजिटल गोल्ड की कीमत एकसमान रहती है। हालांकि, फिजिकल गोल्ड में चोरी या खो जाने का जोखिम बना रहता है। वहीं, डिजिटल गोल्ड में यह खतरा नहीं रहता है।

## केरल के वायनाड में भारी बारिश के बीच भूस्खलन, मलबे में दबे 100 से ज्यादा लोग तीन बच्चों समेत आठ की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में भारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन के चलते 100 से ज्यादा लोगों की मलबे के नीचे दबे प्रभावित क्षेत्र में तैनात किया गया है। वहीं एनडीआरएफ की एक अतिरिक्त टीम वायनाड जा रही है। इलाके के सीएमओ के मुताबिक, स्वास्थ्य विभाग - राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिया है। बताया जा रहा है इस हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है इनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर एमआई-17 और एक एएलएच सुबह



होने की आशंका है, लोगों को बचाने के लिए रेसक्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है भूस्खलन में अब तक कुल 8 लोगों की मौत हुई है, इनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने बताया कि अग्निशमन और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों को मिशन ने एक नियंत्रण कक्ष खोला है और आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 9656938689 और 8086010833 जारी किए हैं।केरल के वायनाड में भारी बारिश ने कहर मचा रखा है। बारिश के चलते भूस्खलन की खबर सामने आई है जिसमें 100 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। उंड़ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर 7.30 बजे सुलूर से रवाना हो गए हैं। बचाव कार्यों का समन्वय किया जाएगा। केरल के वैथिरी, कलपट्टा, मेप्पडी और मननथावाडी अस्पताल सहित सभी अस्पताल तैयार हैं। रात में सभी स्वास्थ्य कर्मी सेवा के लिए पहुंचे थे। वायनाड में स्वास्थ्य कर्मियों की अधिक टीमें तैनात की जाएंगी। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इसकी जानकारी दी है।

## आवारा जानवरों ने देश को 'चौकीदार' बना दिया', डिंपल यादव ने संसद में एनडीए सरकार के सामने लगाई सवालों की झड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने सोमवार को लोकसभा में बोलते हुए केंद्र की एनडीए सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पूरा देश 'चौकीदारों' में बदल गया है, जो



आवारा पशुओं के खतरे के कारण सो नहीं पा रहे हैं। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या केंद्रीय बजट में इस समस्या के समाधान के लिए कोई प्रावधान है दरअसल, आज 23 जुलाई को पेश किए गए केंद्रीय बजट पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा जारी रही। केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान बोलते हुए डिंपल यादव ने किसानों और युवाओं के सामने आए कई मुद्दों को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने लोकसभा में बोलते हुए कई मुद्दे उठाए। उन्होंने किसान आत्महत्या को लेकर कहा कि 2020 और 2021 में तीन कृषि सुधार विधेयकों के विरोध में 700 किसानों ने अपनी जान गंवा दी और 2014 से 2022 तक एक लाख किसानों ने आत्महत्या की। किसानों की बीमा योजना से कितना फायदा हुआ है पशु अर्थव्यवस्था चरमरा रही है देश में महंगाई बढ़ रही है। मैनपुरी से लोकसभा सांसद डिंपल ने अपने भाषण में कृषि और युवा कल्याण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा देश कृषि प्रधान देश है और अगर हम अपने युवाओं का भविष्य सुनिश्चित नहीं कर सकते तो हम अपने उद्देश्य से भटक जाएंगे।सपा सांसद ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के सरकार के वादे पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, मैं पूछना चाहती हूं कि सरकार ने बजट में कृषि के लिए क्या आवंटित किया है ।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार साल पूरे, स्कूली शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम और मूल्यांकन के पैटर्न में एकरूपता लाने की पहल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शिक्षा के क्षेत्र में विगत वर्षों में आए बड़े सुधारों से जुड़ी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अमल को सोमवार को चार साल पूरे हो गए।



इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय ने एक बार फिर सभी राज्यों से स्कूली शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रम और मूल्यांकन पैटर्न में एकरूपता लाने की पहल की है। साथ ही नीति से जुड़ी पहलों को तेजी के साथ जमीन पर उतारने की भी अपील की है। इस अवसर पर राज्यों को गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग करने का भी सुझाव दिया। नीति के चार साल पूरा होने के मौके पर मंत्रालय ने अखिल भारतीय शिक्षा समागम नाम से एक बड़ा आयोजन किया। इसमें देश की शीर्ष शिक्षाविदों के साथ ही विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, राज्यों और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। नई दिल्ली के मानेकशां सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम को वैसे तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को संबोधित करना था, लेकिन संसद में व्यस्त होने के चलते वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। उन्होंने एक संदेश भेजकर सभी को संबोधित किया और कहा कि देश को 21वीं सदी के ज्ञान का खजाना बनाने के लिए वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अक्षरशः लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।प्रधान ने नीति से जुड़ी अमलों को जमीन पर उतारने के लिए तेजी से कार्य करने पर भी जोर दिया। राज्यों से नीति से जुड़ी अपनी अच्छी पहलों को एक-दूसरे के साथ साझा करने की सलाह दी। कार्यक्रम को शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी और डॉ. सुकांत मजूमदार ने भी संबोधित किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान पर आधारित शिक्षा पर जोर दिया। 2020 में लागू हुई थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 29 जुलाई 2020 को लागू किया गया था। जिसकी अब तक करीब दो सौ से ज्यादा सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। इस दौरान सोमवार को भी कई नई पहलों की घोषणा की गई। इसमें शिक्षा को भारतीय ज्ञान आधारित और भारतीय भाषाओं में देने पर जोर दिया गया।

## दुष्कर्म पीडिताओं की जांच केवल महिला डॉक्टर करें कर्नाटक हाईकोर्ट ने केंद्र बीएनएसएस में संशोधन करने का किया आग्रह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा



184 में संशोधन का आग्रह किया है। कोर्ट का आग्रह यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि दुष्कर्म पीड़िताओं की जांच केवल महिला डॉक्टरों द्वारा की जाए। इससे उनके निजता के अधिकार की रक्षा हो सकेगी। हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश हाईकोर्ट की एकल पीठ की जस्टिस एमजी उमा ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जब तक संशोधन नहीं हो जाता, दुष्कर्म पीड़िताओं की चिकित्सा जांच पंजीकृत महिला चिकित्सक द्वारा या उसकी देखरेख में की जाए। कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों, अभियोजकों, डॉक्टरों, चिकित्सा कर्मियों और न्यायिक अधिकारियों सहित हितधारकों को दुष्कर्म पीड़िताओं से संवेदनशीलता के साथ निपटने के महत्व के बारे में शिक्षित और संवेदनशील बनाने का भी निर्देश दिया।कोर्ट ने यह निर्देश दुष्कर्म और हत्या के प्रयास के आरोपित अजय कुमार भेरा की जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिया है। जस्टिस उमा ने कहा कि सुबूतों से पता चलता है कि भेरा अपराध के लिए जिम्मेदार था और अपराध की गंभीर प्रकृति के कारण उसकी जमानत याचिका को अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने इस बात का उल्लेख किया कि एक पुरुष चिकित्सा अधिकारी ने पीड़िता की चिकित्सा जांच की थी, जो बिना कोई स्पष्टीकरण या राय दिए लगभग छह घंटे तक चली। पीड़िता के अनुकूल जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए, कोर्ट ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िताओं को निजता का अधिकार है, जिसका पुलिस और चिकित्सा कर्मियों द्वारा सम्मान किया जाना चाहिए।

## शहीद अग्निवीरों के मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के आरोप को रक्षा मंत्रालय ने गलत ठहराया, दी पूरी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावे को रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने खारिज किया है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को कहा कि सैन्य सेवा के दौरान जान गंवाने वाले किसी भी अग्निवीर के परिवार को 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जाती है राहुल के आरोपों पर रक्षा मंत्रालय ने क्या कहा सूत्रों ने यह भी बताया कि इस राशि में बीमा और अनुग्रह राशि भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, ठअगर सैन्य सेवा के दौरान किसी अग्निवीर की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिजनों को 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलती है। इसमें 48 लाख रुपये का बीमा है, जिस पर अग्निवीर से कोई भुगतान नहीं लिया जाता है। 44 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सेवा निधि पैकेज लगभग 11.70 लाख रुपये और सर्विस की शेष अवधि के लिए वेतन भी शामिल है। इसके अलावा, अग्निवीरों को 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का बीमा कवर भी मिलता है, जिसे लेकर सरकार ने कई बैंकों के साथ समझौता किया है।ठ उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को किसी भी प्रीमियम का भुगतान करने की जरूरत नहीं होती है।रक्षा मंत्रालय की ओर से राहुल गांधी के बयान पर स्पष्टीकरण तब आया, जब



लोकसभा में राहुल गांधी ने दावा करते हुए कहा कि 'रक्षा मंत्री ने कहा था कि शहीद अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। मगर, उनकी बात गलत थी।' नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ठउस परिवार को बीमा दिया गया था, मुआवजा नहीं। यह सच है। इसे कोई नकार नहीं सकता। लोकसभा में अग्निवीर योजना पर बोलते हुए राहुल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर हमला किया, और दावा किया कि सैन्य सेवा के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीरों के परिवार को दिए जाने वाले 1 करोड़ रुपये के मुआवजे के बारे में झूठ बोला है। उन्होंने कहा, ठरक्षा मंत्री ने पहले कहा था कि अग्निवीर के परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। लेकिन वह गलत थे। अग्निवीर के परिवार को बीमा राशि दी गई थी, उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया। यह सच है; कोई भी इससे इनकार नहीं कर सकता।ठ राहुल गांधी ने केंद्रीय बजट 2024 में अग्निवीरों की पेंशन को शामिल न करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की। कांग्रेस सांसद ने कहा, ठमोदी सरकार ने सेना के जवानों को अग्निवीर चक्रव्यूह में फंसा दिया है। अग्निवीरों की पेंशन के लिए बजट में एक भी रुपया नहीं है। आप खुद को देशभक्त कहते हैं। लेकिन जब अग्निवीरों की मदद करने और सैनिकों को पैसे देने की बात आती है, तो आपको बजट में एक भी रुपया नहीं दिखता है। इस बीच, अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यदि किसी अग्निवीर की सेवाकाल के दौरान वीरगति हो जाती है तो संबंधित मानदंडों के तहत इस योजना में उसके परिजनों को एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि देने का प्रविधान किया गया है।

## दिल्ली की घटना देश के भी शहरों के लिए चेतावनी, राज्यों की राजधानियों में भी सक्रिय मास्टर प्लान नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में प्रतियोगी परीक्षाओं के तीन अभ्यथिर्यों की मौत ने शहरी व्यवस्थाओं की पोल




खोल दी है। पिछले साल के अंत में शहरी विकास के संदर्भ में एक थिंक टैंक की रिपोर्ट में कहा गया था कि शहरों में गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए एक अदृश्य प्रणाली जरूरी होती है, जिसके चार स्तंभ होते हैं शहरी नियोजन यानी अर्बन प्लानिंग और डिजाइन, शहरों की अपनी क्षमता और संसाधन, पारदर्शिता और जवाबदेही तथा शक्तिशाली कानूनी विधान तथा प्रतिनिधित्व। थिंक टैंक ने इन चारों कसौटियों पर भारत के लगभग सभी पांच हजार स्थानीय निकायों को दयनीय दशा में पाया था। इसीलिए ड्रेनेज के अभाव में हुए जलभराव के कारण जैसा हादसा दिल्ली में हुआ, वैसी ही घटनाएं देश के दूसरे शहरों में भी होती रहती हैं।केंद्र सरकार ने भले ही शहरी विकास को अपनी नौ शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल किया हो, लेकिन राज्यों को अभी इस पर गौर करना बाकी है। सच्चाई यह है कि अधिकतर शहरों की स्थिति ऐसे हालात तक पहुंच चुकी है छोटे मोटे सुधारों से बदलाव संभव नहीं है। शहरी नियोजन के विशेषज्ञ संतोष नारगुड के अनुसार बुनियादी खामी शहरों की शासन प्रणाली का ही है। यह बुरी तरह बंटी हुई है। जिम्मेदारी और फैसलों का एक केंद्र ही नहीं है। यह सही है कि सुधार के लिए बहुत देर हो चुकी है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि सब कुछ खत्म हो गया है या कोई उम्मीद ही नहीं बची। विकास प्राधिकरण और सिविक एजेंसियां मिलकर काम क्यों नहीं कर सकतीं।

## झारखंड में बड़ा रेल हादसा, मालगाड़ी से भिड़ी हावड़ा मुंबई मेल 20 डिब्बे पटरी से उतरे 2 की मौत और कई घायल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जमशेदपुर।** हावड़ा से चलकर मुंबई जाने वाली 12810 मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। घटना झारखंड के चक्रधरपुर मंडल के राजखरसवां-बडाबांबो स्टेशन के बीच हुई। घने जंगल, रात का सननटा और अचानक ट्रेन में जोरदार झटका। झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल में बड़ाबंबू के पास मंगलवार तड़के 3:43 बजे मालगाड़ी से टकराकर हावड़ा-मुंबई मेल (12810) के 20 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा राजखरसावां और बड़ाबंबू स्टेशनों के बीच किलोमीटर संख्या 298/21 पर हुआ। इस हादसे में अब तक 2 लोगों की मौत की सूचना आई है। जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।घटना की वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर-चक्रधरपुर खंड पर रेल परिचालन पूरी तरह ठप हो गया है। इस हादसे के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। रेलवे अधिकारी पटरी की मरम्मत और ट्रेन परिचालन बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हावड़ा से चलकर मुंबई जाने वाली मुंबई मेल सोमवार रात 11 बजकर दो मिनट के बजाए दो बजकर 37 मिनट पर टाटानगर पहुंची और दो मिनट के ठहराव के बाद यह अगले स्टेशन चक्रधरपुर के लिए रवाना हो गई लेकिन यह ट्रेन अपने अगले स्टेशन तक पहुंचती उससे पहले यह तीन बजकर 45 मिनट पर बड़ाबांबो से आगे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार डाउन लाइन से आ रही मालगाड़ी के साथ मेल एक्सप्रेस सट (साइड क्लोजन) गई जिससे ट्रेन के 20 डिब्बे बेपटरी हो गए, वहीं मालगाड़ी के कई डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना कितनी भयावाह है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मेल एक्सप्रेस के कई डिब्बे आपस में चढ़ गए तो कई गति तेज होने के कारण बीच से मुड़ गए। कई डिब्बे आपस में बुरी तरह से सट चुके हैं। इस दुर्घटना में दर्जनों की संख्या में यात्री घायल होने की संभावना है। चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने इस दुर्घटना की पुष्टि की है। इस दुर्घटना के बाद से हावड़ा-मुंबई मार्ग में यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद मालगाडी और कोचिंग ट्रेन के डिब्बे काफी दूर से फैल गए हैं जिसके कारण थर्ड लाइन भी प्रभावित हुआ है। वहीं दुर्घटना



के कारण ओवरहेड लाइन, खंभे और ट्रेन की पटरी भी बुरी से क्षतिग्रस्त हो गई है। हालांकि दुर्घटना किस कारण से हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। रात का सननटा था। लगभग पौने चार बजे थे। अधिकांश यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। तभी अचानक एक तेज आवाज ने सपनों की इस दुनिया को हिला कर रख दिया। ट्रेन बुरी तरह हिलने लगी और देखते ही देखते कई डिब्बे एक के बाद एक पटरी से उतरते चले गए। ट्रेन के अंदर अफरा-तफरी मच गई। चीखें गूंज उठी। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। ऊपर के बर्थ पर सो रहे कई यात्री नीचे गिर गए। सामान बिखर गया। इस दर्दनाक हादसे में बच्चों और बुजुर्गों की हालत देखकर रूह कांप उठी। बच्चें अपने माता-पिता से लिपटकर रो रहे थे। बुजुर्ग दर्द से कराह रहे थे। ट्रेन के अंदर चीख-पुकार और चीत्कार से पूरा माहौल चीख उठा। हादसे के बाद ट्रेन में कुछ देर के लिए सननटा पसर गया था। लोग समझ ही नहीं पा रहे थे कि अचानक क्या हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। राहत और बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। घायलों को बड़ाबंबू और चक्रधरपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। राहत दल के लोग बोगियों में फंसे यात्रियों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। क्रेन और अन्य मशीनों की मदद से डिब्बों को हटाने और फंसे हुए यात्रियों को निकालने का काम जारी है। हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पूरी तरह से बाधित है और अन्य ट्रेनों को डायवर्ट किया जा रहा है।ट्रेन के लोको पायलट केवीएसएस राव, सहायक लोको पायलट ए अंसारी और गार्ड मो. रेहान ने तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। हादसे की सूचना मिलते ही चक्रधरपुर रेल मंडल के अधिकारी और बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। केएसएस राव चक्रधरपुर रेल मंडल में तीन बार सर्वश्रेष्ठ ड्राइवर का पुरस्कार जीत चुके हैं। साढ़े तीन घंटे देर से चल रही थी ट्रेन ट्रेन संख्या 12810, जिसमें टाटानगर का इंजन संख्या 37077 लगा हुआ था, टाटानगर स्टेशन से सुबह 2:39 बजे अपने निर्धारित समय से साढ़े तीन घंटा मिनट देरी से रवाना हुई। ट्रेन का टाटानगर स्टेशन पहुंचने का समय 11.02 मिनट था। घटना के समय ट्रेन लगभग 44 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। घटना के बाद आनन-फानन में राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे।


## संसद में गूंजा छात्रों की मौत का मुद्दा, 'जिम्मेदार आप जिम्मेदार आप ' के लगे नारे; बीजेपी ने लगाए गंभीर आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलभराव से कोचिंग में तीन छात्रों की मौत का मामला सोमवार को संसद के दोनों सदनों में गूंजा। राज्यसभा में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाकर इस पर अल्पकालिक चर्चा कराई गई तो लोकसभा में शून्यकाल में इसे उठाया गया। छात्र-छात्राओं की मुत्यु पर दुख तो सभी ने जताया, लेकिन जब जिम्मेदारी पर बात आई तो बजबजाते नालों और गंदे जलभराव में भी दलीय निष्ठा की धारा साफ दिखाई दी। भाजपा ने कुछ शिकायतों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के स्थानीय विधायक सहित अधिकारियों ने शिकायतों का संज्ञान नहीं लिया। नालों की सफाई नहीं कराई गई, जिसकी वजह से घटना हुई। वहीं, आम आदमी पार्टी ने तर्क दिया कि अधिकारी उपराज्यपाल के प्रभाव में हैं, सरकार के मंत्रियों के कहने पर भी नाला सफाई नहीं कराई। वहीं, कांग्रेस बहुत सधे अंदाज में चर्चा करती नजर आई। जलभराव के लिए किसी को जिम्मेदार ठहराने की बजाए बढ़ते को चग कल्चर पर घटना का ठीकरा फोड़ने का प्रयास किया।भारी बारिश के कारण ओल्ड राजेंद्र नगर में राव



आईएएस कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा के तीन अभ्यथिर्यों की मौत हो गई। देसभर में इस हादसे की चर्चा है। इस हादसे को की गूंज सोमवार को संसद के दोनों सदनों में भी गूंजा। वहीं इस हादसे को लेकर सभी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते दिखे। राज्यसभा में कार्य स्थगन के लिए नोटिस देने वालों में भाजपा सदस्यों के साथ ही आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल भी शामिल थीं। सभापति जगदीप धनखड़ ने इसे स्वीकार किया। चर्चा की शुरुआत भाजपा की ओर से सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने की। कहा कि तीन छात्रों की मृत्यु हो गई, लेकिन जिम्मेदारों की आंखों में आंसू क्या, माथे पर शिकन तक नहीं है। उन्होंने कहा कि 26 जून से 22 जुलाई तक शिकायतें और रिमाइंडर दिए गए कि उक्त कोचिंग संस्थान की लाइब्रेरी अवैध रूप से बेसमेंट में चल रही है। घटना हो सकती है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। शिकायतों के इस क्रम के बीच नौ जुलाई को इमारत को फायर की एनओसी दे दी गई भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार जल निकासी और नालों की सफाई की बजाए प्रचार और वक्फ बोर्ड पर पैसा खर्च कर रही है। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्राइन ने सवाल उठाया कि क्या इस तरह की चर्चा मणिपुर, नीट, चीन के कब्जे जैसे मुद्दों पर कराई जाएगी। यही बात डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने कही।

# स्पोर्ट्स




## हार्दिक पांड्या को बेटे अगस्त्य की बर्थडे पर आई याद, फोटो शेयर कर लिखीं इमोशनल बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्यारा-सा वीडियो शेयर कर अपने बेटे अगस्त्य को जन्मदिन की बधाई दी है।में देखा जा सकता है कि अगस्त्य अपने पिता के हर एक्शन की नकल करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों को एक साथ खेलते हुए देख फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। बेटे अगस्त्य को जन्मदिन पर बधाई देते हुए हार्दिक ने इमोशनल नोट भी लिखा।दरअसल, हार्दिक ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर बेटे अगस्त्य को जन्मदिन विश करते हुए उन्हें अपना ठपार्टनर इन क्राइमठ भी बताया। हार्दिक पांड्या ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि तुम मुझे हर दिन आगे बढ़ाते हो जन्मदिन की शुभकामनाएं मेरे पार्टनर इन क्राइम, मेरे पूरे दिल, मेरे अगस्त्य। शब्दों से परे प्यार करता हूं। हार्दिक अपने बेटे अगस्त्य को कितना प्यार करते हैं। ये उनके सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीर देखकर ही साफ पता चलता हैय़ नताशा स्टांकोविक के तलाक के बाद हार्दिक अब अगस्त्य से दूर हो गए है, लेकिन बेटे अगस्तय के लिए उनका प्यार कम नहीं हुआ है।



## टीम इंडिया के खिलाड़ी चाहते हैं ओलंपिक में खेलना, राहुल द्रविड़ ने किया बड़ा खुलासा

**पेरिस।** क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के धुर समर्थक रहे दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि क्रिकेटर इन खेलों का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने विश्व के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में प्रतिस्पर्धा करने को लेकर 'ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत' सुनी है। क्रिकेट को 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है। द्रविड़ इस संबंध में 'ओलंपिक में क्रिकेट : एक नए युग की शुरुआत' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए फ्रांस की राजधानी में हैं।भारतीय टीम को टी20 वर्ल्ड कप-2024 का खिताब दिलाने वाले कोच राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया की ड्रेसिंग रूम की बातचीत का खुलासा किया है। द्रविड़ ने कहा है कि उन्होंने टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में खिलाडि़यों की बातें सुनी हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम के खिलाड़ी भी चाहते हैं कि वह पोडियम पर खड़े हो और खेलों का महाकुंभ का हिस्सा बनें। पूर्व भारतीय कप्तान और कोच द्रविड़ ने कहा, 'मैंने इस संबंध में ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है। लोग 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के साथ 2028 के ओलंपिक खेलों के बारे में भी चर्चा कर रहे हैं। मैंने उन्हें यह कहते सुना है कि 2028 में ओलंपिक है। 'उन्होंने कहा, 'क्रिकेटर भी स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं, पोडियम पर खड़े होना चाहते हैं, और खेल गांव, एक बड़े खेल आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं।



### ओलंपिक गेम्स 2024 में बवाल, ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं पर भद्दी टिप्पणी करने के कारण कमेंटेटर को हटाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिग्गज खेल कमेंटेटर बॉब बलार्ड को प्रसारणकर्ता यूरोस्पोर्ट ने ओलंपिक्स से हटा दिया है। बॉब बलार्ड पर ऑस्ट्रेलियाई महिला स्विमिंग टीम पर भद्दी टिप्पणी करने का आरोप है। यह घटना 4100 फ्रीस्टाइल रिले टीम के पेरिस में गोल्ड मेडल सुरक्षित करने के बाद हुई। जब ऑस्ट्रेलियाई स्विमिंग टीम पूल डेक से जा रही थी, तब बलार्ड ने कमेंट किया, ''खत्म किया, अब इनका पीछा करें, आप जानते हैं कि महिलाएं कैसी होती हैं घूमेंगी और अपना मेक-अप करेंगी।'' बलार्ड की यह टिप्पणी तुरंत वायरल हुई। इसके बाद प्रसारणकर्ता यूरोस्पोर्ट ने बलार्ड के कमेंट्री टीम के हटाए जाने की घोषणा की।बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई स्विमिंग टीम की तरफ से 4100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम में मोली ओ कैलागन, एमा मैकियोन, मेग हैरिस और शायना जैक ने हिस्सा लिया व गोल्ड मेडल जीता। बता दें कि बलार्ड के साथ कमेंट्री कर रही साथी कमेंटेटर ब्रिटीश स्विमिंग चैंपियन लिजी सिमंड्स ने इस टिप्पणी को अपमानजनक करार दिया, जिसे सुनकर बलार्ड ठहाका लगाने लगे।



## 34 साल में पहली बार भारत करेगा टी20 एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान के हिस्सा लेने पर आया बड़ा अपडेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत 2025 में टी20 प्रारूप में पुरुष एशिया कप क्रिकेट परिषद ने रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण (आईओआई) में इसकी घोषणा की। एशिया कप के



टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी करेगा, जो 2026 में देश में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद ने 'रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण' (आईओआई) में इसकी घोषणा की। एशिया कप को हमेशा वैश्विक आयोजन की तैयारियों के रूप में प्रयोग किया जाता है और उसी प्रारूप में खेला जाता है जिसमें विश्व कप आयोजित किया जाएगा। भारत 2025 में टी20 प्रारूप में पुरुष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी करेगा जो 2026 में देश में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले होगा। एशियाई क्रिकेट 2023 सत्र की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाईब्रिड माडल पर की थी। एशिया कप के 2023 सत्र की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 'हाईब्रिड माडल' पर की थी। भारत ने तब पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था और इसके अधिकतर मैच श्रीलंका में खेले गए थे। बांग्लादेश 2027 में वनडे प्रारूप में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में वनडे विश्व कप खेला जाना है। भारत में टी20 प्रारूप और बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेले जाने वाले एशिया कप में 13-13 मैच होंगे।एसीसी ने आइईओइ में जारी बयान में कहा।

## पल्लेकेले में क्यों होगा बराबरी का मुकाबला पिच है बड़ी वजह; बारिश की भी संभावना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका और भारत के बीच तीसरा और आखिरी टी20



मैच 30 जुलाई, मंगलवार को खेला जाएगा। पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम ने रविवार को दूसरे टी20घ् मैच में श्रीलंका पर 7 विकेट से हराकर 2-0 से सीरीज अपने कब्जे में कर ली है भारत ने पिछले दो टी-20 मैच में श्रीलंका पर दबदबा बनाकर अपनी दमदार क्रिकेट क्षमता का प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर, मेजबान टीम को भारत के खिलाफ तीतीन टी20 मैचों की सीरीज में भारत फिलहाल 2-0 से आगे है। भारत ने सीरीज जीतकर श्रीलंका पर अपना दबदबा कायम रखा है। इस सीरीज में नए हेड कोच गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार की परीक्षा थी। दोनों ने अपने खेल और रणनीति से उम्दा शुरुआत की है। भारतीय क्रिकेट में नए युग की शुरुआत हो गई है। तीसरा मैच जीतकर भारत क्लीन स्विप करना चाहेगा। पल्लेकेले स्टेडियम की पिच पहले दो मैच में बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रही है। हालांकि, यह पल्लेकेले की आम पिच से थोड़ी अलग है। यहां स्पिनर्स को भी मदद मिलती है। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है पिच से गेंदबाजों खासकर स्पिनर्स को मदद मिलती है। खासकर दूसरी पारी में, गेंद ज्यादा घूमती हुई नजर आती है, जिससे कुछ मौकों पर बल्लेबाजों को परेशानी होती है।30 जुलाई को होने वाले मैच में बारिश की संभावना फिर से बनी हुई है। क्योंकि बारिश की संभावना 23 प्रतिशत है। इस बीच, बादल छाए रहने की भी 97 प्रतिशत संभावना है। तापमान 22 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है, साथ ही 33 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। तेज हवाएं संभवतः मैच को बदल सकती हैं। बल्लेबाज हवा की दिशा के अनुसार अपने शॉट लगाने की रणनीति बना सकते हैं, और इसका फायदा उठा सकते हैं।

## तीसरे टी20 में श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत, प्लेइंग-11 में बदलाव तय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी और दिन भी उनकी पुरुष टीम का प्रदर्शन खराब रहा।दरअसल, श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन है। दूसरी ओर भारत ने अभी तक की जगह संजू सैमसन को टीम में रखा था। यह देखना होगा कि गिल तीसरे मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं क्योंकि वर्षा के कारण सैमसन को जब एक घंटे की प्रतीक्षा



मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका की कमजोरियों का लाभ उठाकर तीन मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप करने के लिए मैदान पर उतरेगी भारत पहले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुका है, लेकिन उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। भारत ने रविवार को वर्षा से प्रभावित दूसरा मैच सात विकेट से जीता था।जिस दिन श्रीलंका की महिला टीम ने भारत को हराकर अपना पहला टी20 एशिया कप जीता, उस दिन भी उनकी पुरुष टीम का प्रदर्शन खराब रहा।भारत पहले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुका है लेकिन उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। भारत ने रविवार को वर्षा से प्रभावित दूसरा मैच सात विकेट से जीता था।जिस दिन श्रीलंका की महिला टीम ने भारत को हराकर अपना पहला टी20 एशिया कप जीता उस विश्व चैंपियन की तरह ही प्रदर्शन किया है। भारत ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय खिलाड़ियों की रणनीति और कौशल में आत्मविश्वास साफ झलक रहा है तथा वह किसी भी समय दबाव में नहीं दिखे। कुछ अवसर ऐसे भी आए जबकि श्रीलंका की टीम मुकाबले में ही नहीं देखी। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक उसके बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने गया है। सूर्यकुमार ने गेंदबाजी में प्रभावशाली परिवर्तन करके श्रीलंका की परेशानियां बढाई हैं। भारतीय कप्तान ने अभी तक 58 और 26 रन की पारियां खेल कर आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया है। यही वजह है कि भारत पहले मैच में 200 से अधिक रन बनाने में सफल रहा था। भारत ने दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा बदलाव किया था। उसने चोटिल उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बाद अवसर मिला तो वह खाता खोले बिना आउट हो गए थे। श्रीलंका की ओर से बल्लेबाजी में पथुम निसांका (111 रन) और कुसल परेरा (73) ने ही उपयोगी योगदान दे पाए हैं लेकिन उसकी सबसे बड़ी समस्या बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, रिषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिशनेई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज श्रीलंकाः दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चैरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कमिंदु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रम सिंघे, बिनुरा फर्नांडो, रमेश मेंडिस, दिलशान मदुशंका, मतीशा पथिराना, महेश तीक्ष्णा, डुनिथ वेलालागे।

## अन्नू रानी को पेरिस में गोल्डन थ्रो लगाने की उम्मीद, एशियन गेम्स में रच चुकी हैं इतिहास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मेरठ।** एशियाई खेलों में महिलाओं



के भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट अन्नू रानी पदक बटोरने के लिए पेरिस पहुंच चुकी है। अन्नू ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में इतिहास रचते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीता है। अपने चौथे प्रयास में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 62.92 मीटर भाला फेंका। श्रीलंका की नदीशा दिलहान ने रजत पदक जीता। इसी के साथ अन्नू एशियाड में जेवलिन थ्रो में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनी थीं। अन्नू रानी टोक्यो की ही तरह पेरिस ओलिंपिक में भी विश्व रैंकिंग के आधार पर प्रतिभाग करने जा रही हैं। उनकी विश्व रैंकिंग 21 है। अन्नू को पेरिस में पदक तालिका में स्थान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।भारत की अन्नू रानी जेवलिन इवेंट में भाग लेने के लिए पेरिस पहुंच चुकी हैं। अन्नू के हौसले बुलंद हैं क्योंकि वो हांगझोऊ में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच चुकी हैं। अन्नू ने उम्मीद जताई है कि वह पेरिस में टोक्यो ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन करके दिखाएंगी। बता दें कि अन्नू रानी पेरिस ओलंपिक में विश्व रैंकिंग के आधार पर प्रतिभाग करने जा रही हैं। उनकी विश्व रैंकिंग 21 है। वह पिछले कुछ महीनों से जर्मनी में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रही हैं। अन्नू का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.82 मीटर है जो 2022 में नेशनल रिकॉर्ड बना। उस वर्ष अन्नू ने सात बार 60 मीटर की दूरी पार की थी। वर्ष 2023 और 2024 में केवल एक-एक बार ही 60 मीटर की दूरी पार कर सकीं। पेरिस ओलिंपिक के लिए 64 मीटर की क्वालीफाईंग दूरी थी। टोक्यो ओलिंपिक में 54.04 मीटर भाला फेंक अन्नू 30 क्वालीफाइंग प्रतिभागियों में 29वें स्थान पर रही थीं।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में आयरलैंड के बल्लेबाज पर लगा जुर्माना, अंपायर के फैसले पर जताई थी असहमति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर पर जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना घ्ण् के लेवल-1 आचार संहिता के उल्लंघन के अनुसार लगाया गया है यह घटना आयरलैंड की दूसरी पारी के छठे ओवर में हुई जब टेक्टर को विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। हालांकि, टेक्टर ने इस फैसले पर आपत्ति जताई और अंपायर की ओर इशारा करते हुए मैदान से बाहर चले गए। 24 महीने की अवधि में टेक्टर का यह पहला अपराध था, इसलिए उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में केवल एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। आयरलैंड ने टेस्ट मैच में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे के खिलाफ घर में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में मेजबान देश ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। हैरी टेक्टर पर जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। बल्लेबाज ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। मामला जब रेफरी तक पहुंचा तो



बल्लेबाज ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, इसलिए किसी तरह की सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। हैरी टेक्टर ने रेफरी जेफ क्रो द्वारा लगाया गया जुर्माना भी स्वीकार कर लिया। मैच में हैरी टेक्टर का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और उन्होंने दोनों पारियों में 4 और 0 रन बनाए। हैरी टेक्टर के इस खराब प्रदर्शन के बावजूद आयरलैंड ने जीत दर्ज की। आयरलैंड ने दर्ज की 4 विकेट से जीत गौरतलब हो कि रविवार को आयरलैंड ने टेस्ट मैच में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे के खिलाफ घर में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में मेजबान देश ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। इसी साल आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराया था। इस मैच में ऑलराउंडर एंडी मैकब्राइन ने बल्ले और गेंद से उम्दा प्रदर्शन कियाजिम्बाब्वे के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। 21 के स्कोर पर आयरलैंड की आधी टीम पवेलियन लौट गई चुकी थी। जिम्बाब्वे के ओपनिंग गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा ने अपने-अपने शुरुआती स्पेल में आग उगली, लेकिन टकर और मैकब्राइन ने खूंटा गाड़ दिया था।


# सम्पादकीय

## बारिश का बदलता मिजाज डराने वाला है इस साल सामान्य से छह प्रतिशत अधिक मानसून वर्षा का पूर्वानुमान

भारत में सतही वायु तापमान 1901-2018 के दौरान लगभग 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जिसके साथ ही वायुमंडलीय नमी की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। वर्षा के बदलते पैटर्न के कई नकारात्मक प्रभाव सामने आ रहे हैं। इस बदलाव का सीधा असर कृषि पर हो रहा है।भारतीय मौसम विभाग ने इस साल के मानसून में सामान्य से छह प्रतिशत अधिक वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया है। सरसरी तौर पर देखें,?तो इस मानसून में छह फीसदी अधिक वर्षा की स्थिति सामान्य लग रही है। लेकिन मौसम विभाग के आंकड़ों पर ही गहराई से चिंतन करें, तो स्थिति कतई सामान्य नहीं है। देश के कुछ हिस्सों में पूर्वानुमान से कहीं अधिक वर्षा ने आफत मचा रखी है, जबकि कुछ हिस्सों के किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। सामान्य से अधिक या सामान्य से कम, दोनों ही स्थितियां चिंता पैदा करने वाली हैं। मौसम विभाग सहित विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के अध्ययनों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा का पैटर्न निरंतर बदल रहा है, जिससे न केवल खेतीबाड़ी पर, बल्कि देश की आर्थिकी, स्वास्थ्य और बढ़ती दैवी आपदाओं के कारण जनधन की सुरक्षा पर भी असर पड़ रहा है। मौसम विभाग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस साल के मानसून में एक जून से लेकर 21 जुलाई तक देश के 244 जिलों में सामान्य वर्षा हुई, जबकि 241 जिलों में सामान्य से कम। 42 जिलों में सामान्य से बहुत कम और 76 जिलों में सामान्य से अत्यधिक कम वर्षा दर्ज हुई है। 121 जिलों में सामान्य से थोड़ी अधिक वर्षा हुई है। उत्तर प्रदेश के पांच जिलों में अतिवृष्टि, नौ में सामान्य से अधिक, 27 में सामान्य, तो 27 जिलों में सामान्य से कम और छह जिलों में जबर्दस्त सूखे जैसी स्थिति है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सामान्य से 49 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी क्रमशः 46 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की भारी कमी है और ऐसा ही उत्तर प्रदेश में 34 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। केरल के अलावा, अन्य दक्षिणी राज्यों में ज्यादातर अधिक या सामान्य वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने सन 1989 से लेकर 2018 तक दक्षिण पश्चिम मानसून के जून से लेकर सितंबर तक के आंकड़ों के आधार पर 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में दर्ज मानसूनी वर्षा की परिवर्तनशीलता का जो विश्लेषण किया है, उसमें गत 30 वर्षों की अवधि में देश के विभिन्न हिस्सों में वर्षा के वितरण में भारी असमानता उजागर हो रही है। इस विश्लेषण में उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मेघालय और नगालैंड में 1989-2018 के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून की वर्षा में काफी कमी का रुझान दिखाया गया है। अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ इन पांच राज्यों में वार्षिक वर्षा में भी काफी कमी का रुझान दिखाई देता है। विश्लेषण में भारी वर्षा वाले दिनों की आवृत्ति के संबंध में, सौराष्ट्र और कच्छ, राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी भागों, तमिलनाडु के उत्तरी भागों, आंध्र प्रदेश के उत्तरी भागों और दक्षिण-पश्चिम ओडिशा के आसपास के क्षेत्रों, छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर और मिजोरम, कोंकण और गोवा और उत्तराखंड में उल्लेखनीय वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने हाल ही में 'भारतीय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का आकलन' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो देश?में जलवायु चरम सीमाओं सहित क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन पर प्रकाश डालती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में सतही वायु तापमान 1901-2018 के दौरान लगभग 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जिसके साथ ही वायुमंडलीय नमी की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। हिंद महासागर की सतह के तापमान में भी 1951-2015 के दौरान लगभग 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तनों के स्पष्ट संकेत भारतीय क्षेत्र में मानवजनित ग्रीनहाउस गैसों और एरोसोल फोर्सिंग के कारण उभरे हैं, और भूमि उपयोग और भूमि आवरण में परिवर्तन ने जलवायु चरम सीमाओं में वृद्धि में योगदान दिया है। इसलिए गर्म होते पर्यावरण और क्षेत्रीय मानवजनित प्रभावों के बीच पृथ्वी प्रणाली घटकों के बीच जटिल अंतःक्रियाओं ने पिछले कुछ दशकों में स्थानीय भारी वर्षा, सूखे और बाढ़ की घटनाओं आदि की तीव्रता में वृद्धि की है। वर्षा के बदलते पैटर्न के कई नकारात्मक प्रभाव सामने आ रहे हैं। इस बदलाव का सीधा असर कृषि पर हो रहा है। वर्षा के पैटर्न में बदलाव से पानी की कमी की समस्याएं बढ़ सकती हैं। भारी वर्षा से ऊपरी उपजाऊ मिट्टी के क्षरण के कारण उर्वरता कम होती है।

## नागरिकों के लिए हालात सही नहीं आतंकवाद से निपटने के लिए ये काम जरूरी

पाकिस्तान पर एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता की तलवार लटक रही है। नजरें सुप्रीम कोर्ट पर हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की छवि सुपर हीरो जैसी बन चुकी है। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका और ब्रिटेन से भी इमरान को समर्थन



मिला है। राजनीतिक विश्लेषक का मानना है कि पाकिस्तान को आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए राजनीतिक तापमान को कम करने की सख्त जरूरत है। तमाम परिस्थितियों को देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान अपनी ही उलझनों में फंसा हुआ लाचार देश है।पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा अपनी कलम के एक झटके से फरवरी में हुए चुनाव को रद्द कर सकते है और अगर ऐसा हुआ, तो पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, 90 दिनों के भीतर फिर से चुनाव कराने होंगे। यह डर न केवल प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के मन में है, बल्कि सुरक्षा प्रतिष्ठान (सेना) भी इससे काफी आशंकित है, क्योंकि अदालत में इमरान खान (जो फिलहाल जेल में हैं) की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ द्वारा दायर मामले की सुनवाई चल रही है, जिसमें नए सिरे से चुनाव कराए जाने की मांग की गई है। फिलहाल पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट अवकाश पर है और सितंबर में कभी भी अदालत की कार्रवाई शुरू हो सकती है। काजी ईसा इस साल 25 अक्तूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि अगर उन्हें सेवा विस्तार का प्रस्ताव दिया जाता है, तो वे उसे स्वीकार करने में रुचि नहीं रखते हैं। अब पाकिस्तान और विदेश में भी यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि फरवरी में हुए चुनाव के नतीजे निष्पक्ष नहीं थे और सुरक्षा प्रतिष्ठान द्वारा इमरान खान एवं उनकी पार्टी को स्पष्ट जीत से वंचित रखने के लिए हर गलत कदम उठाया गया।पाकिस्तान के लोगों ने इमरान खान को इसलिए भारी मत दिया, क्योंकि उनके पास जनाधार था।

# जैसे शूटर मनु भाकर का जीवन बदला, वैसे सभी को राह दिखा सकती है श्रीमद्भगवद् गीता




टोक्यो ओलंपिक- 2020 में मेडल की रेस से बाहर होने के बाद मनु भाकर निराशा में डूब गई थी। श्रीमद्भगवद गीता ने मनु को निराशा से बाहर लाने का काम किया। मनु भाकर ने कहा कि जब वो पेरिस ओलंपिक में मेडल के लिए निशाना लगा रही थी तो उसके दिमाग में श्रीमद्भगवद गीता ही चल रही थी। श्रीमद्भगवद गीता के इस श्लोक का अर्थ है, 'तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करना ही है। कर्मों के फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। अतः तुम निरन्तर कर्म के फल पर मनन मत करो और अकर्मण्य भी मत बनो।' पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला मेडल जीतने के बाद शूटर मनु भाकर ने श्रीमद्भगवद गीता के इस श्लोक का जिक्र किया। मनु भाकर ने कहा कि वो श्रीमद्भगवद गीता का नियमित पाठ करती है, जिसमें कहा गया है कि स्वयं कर्म पर भरोसा रखो। जो बीत गया, उसकी चिंता में डूबने के बजाय लक्ष्य पर फोकस करो। दरअसल, टोक्यो ओलंपिक- 2020 में मेडल की रेस से बाहर होने के बाद मनु भाकर निराशा में डूब गई थी। श्रीमद्भगवद गीता ने मनु को निराशा से बाहर लाने का काम किया। मनु भाकर ने कहा कि जब वो पेरिस ओलंपिक में मेडल के लिए निशाना लगा रही थी तो उसके दिमाग में श्रीमद्भगवद गीता ही चल रही थी। दुनिया की 75 से अधिक भाषाओं में अनुवाद की जा चुकी श्रीमद्भगवद गीता का विश्व की महान विभूतियां नियमित रूप से पाठ करती रही हैं। अपने जीवन में श्रीमद्भगवद गीता की शिक्षा का अनुसरण करती रही हैं। स्वयं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रीमद्भगवद गीता से गहरा लगाव था और उनके जीवन पर श्रीमद्भगवद गीता ने गहरा प्रभाव छोड़ा था। सस्ता साहित्य मंडल नई दिल्ली से महात्मा गांधी के लेखों पर प्रकाशित पुस्तक 'गीता की महिमा' में उनके धार्मिक विचारों की झलक मिलती है। एक लेख में महात्मा गांधी ने लिखा कि गीता शास्त्रों का दोहन है। गीता मेरे लिए माता हो गई है। जब कभी संदेह मुझे घेरते हैं और मेरे चेहरे पर निराशा छाने लगती है तो मैं गीता को एक उम्मीद की किरण के रूप में देखता हूं। गीता में मुझे एक छंद मिल जाता है, जो मुझे साथ सांत्वना देता है। मैं कष्टों के बीच मुस्कराने लगता हूं। भारत के मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलम भी श्रीमद्भगवद गीता से बेहद प्रभावित थे और उसका नियमित पाठ करते थे। अपनी आत्मकथा 'विंग्स ऑफ फायर' में उन्होंने अपने गीता से जुड़ाव की जिक्र किया है। एक स्थान पर कलाम ने बताया कि कैसे एक बार तिरुअनंतपुर के तट पर उन्हें भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक और महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई श्रीमद्भगवद गीता पढ़ते हुए मिले थे। विक्रम साराभाई ने ही उन्हें श्रीमद्भगवद गीता पढ़ने के लिए प्रेरित किया था। अपनी आत्मकथा में कलाम ने लिखा कि गीता एक विज्ञान है और भारतीयों के लिए अपनी सांस्कृतिक विरासत का गर्व का बड़ा विषय है। दुनिया में परमाणु बम के जनक अमेरिकी वैज्ञानिक जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर को भी श्रीमद्भगवद गीता से गहरा लगाव था। 1930 के दशक में ओपेनहाइमर हिंदू ग्रंथों से प्रभावित हुए और वर्ष 1933 में हर गुरुवार को वो श्रीमद्भगवद गीता पढ़ने जाते थे, जिसे बर्कली में रहने वाले आर्थर राइडर नाम के संस्कृत शिक्षक पढ़ाते थे। ओपनहाइमर ने श्रीमद्भगवद गीता को अनुवाद किए बिना पढ़ने का निणन्य लिया था और इसके लिए उन्होंने संस्कृति सीखी थी। वर्ष 1785 में सर्वप्रथम ईस्ट इंडिया कंपनी के कर्मचारी चार्ल्स विलकिंस ने संस्कृत से अंग्रेजी में श्रीमद्भगवद गीता का अनुवाद किया। यह किसी भी यूरोपीय भाषा में संस्कृत से होने वाला पहला अनुवाद भी है। श्रीमद्भगवद गीता मनुष्य को कर्तव्य का बोध कराती है। जीवन जीने की कला सिखाती है। सत्कर्म करते हुए जीवन जीने की शिक्षा देती है। यही कारण है कि दुनिया के अधिकांश देशों में श्रीमद्भगवद गीता का अध्ययन हो रहा है। अमेरिका की न्यूजर्सी यूनिवर्सिटी में श्रीमद्भगवद गीता को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाता है। ऐसे विश्व में कई विश्वविद्यालय हैं, यहां श्रीमद्भगवद गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। केवल शूटर मनु भाकर नहीं, दुनिया में करोड़ों-करोड़ लोगों को श्रीमद्भगवद गीता राह दिखा रही है। आज देश-दुनिया में सैकड़ों लोग अवसाद का शिकार हो रहे हैं। निराशा में डूब रहे हैं। यदि वो श्रीमद्भगवद गीता का पाठ करें तो जीवन और विश्व में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

# झंजेरी के चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेज का 2024 में बेहतरीन प्लेसमेंट, नया कीर्तिमान स्थापित

इस वर्ष के प्लेसमेंट सीजन का मुख्य आकर्षण हमारे छात्रों को दिए जाने वाले रिकॉर्ड-तोड़ वेतन पैकेज हैं। अनमोल भटेजा को अमेज़न इंडिया से का उच्चतम पैकेज मिला, जिसने संस्थान के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित किया। इसके अतिरिक्त, ऑटोडेस्क इंडिया ने आकर्षित को का पैकेज दिया। दचंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेज,




झंजेरी, अपने 2024 बैच के लिए शानदार प्लेसमेंट उपलब्धियों के एक और वर्ष की घोषणा करते हुए रोमांचित है। शैक्षणिक उत्कृष्टता और उद्योग तत्परता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, ण्उण् झंजेरी ने एक बार फिर भारत में एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी योग्यता साबित की है। कॉलेज के प्लेसमेंट सेल ने शानदार ऑफर हासिल करने, नए रिक्रूटर्स को आकर्षित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया है कि छात्र अपनी पेशेवर यात्रा के लिए अच्छी तरह से तैयार हों झंजेरी के 2024 बैच को 800 से अधिक प्लेसमेंट ऑफर मिले हैं, जिसमें विभिन्न उद्योगों से 650 से अधिक अलग-अलग ऑफर शामिल हैं। इस वर्ष, कैंपस में 100 से अधिक नए रिक्रूटर्स सहित 450 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया, जो ण्उण् झंजेरी के सनतकों में शीर्ष कंपनियों के बढ़ते भरोसे और विश्वास को दर्शाता है। इस वर्ष के प्लेसमेंट सीजन का मुख्य आकर्षण हमारे छात्रों को दिए जाने वाले रिकॉर्ड-तोड़ वेतन पैकेज हैं। अनमोल भटेजा को अमेज़न इंडिया से 45.5 का उच्चतम पैकेज मिला, जिसने संस्थान के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित किया। इसके अतिरिक्त, ऑटोडेस्क इंडिया ने आकर्षित को 36 थ्ईं का पैकेज दिया, जबकि डी फ्रेम फाउंडेशन ने मोहम्मद अयान सिद्दीकी को 19.2 थ्ईं का पैकेज दिया। इसके अलावा, सुश्री सुलेखा कुमारी ने व्हर्लपूल इंडिया से 11 का प्रभावशाली पैकेज हासिल किया। ये असाधारण प्रस्ताव छात्रों की उच्च क्षमता और झंजेरी में उन्हें मिलने वाले कठोर प्रशिक्षण को रेखांकित करते हैं। 2024 बैच के लिए प्लेसमेंट प्रतिशत में कुल वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में 7ज्ञ् प्रभावशाली है। यह वृद्धि सीजीसी झंजेरी के अपने पाठ्यक्रम को बढ़ाने, मजबूत उद्योग भागीदारी बनाने और छात्रों को कॉपीरेट जगत में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। सम्मानित भर्तीकर्ता सीजीसी झंजेरी को ऑटोडेस्क, न्यूटैनिक्स, माइक्रोसॉफ्ट, नोकिया, डेल, मैककिनले एंड राइस, पेप्सिको इंडिया, एलजी इंडिया, कॉग्निज़ेंट, विप्रो, कैपजेमिनी, आईबीएम, जेडएस एसोसिएट्स, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, टॉमी हिलफिगर, एनआईआईटी टेकनेलॉजीज और जेनसर जैसी शीर्ष-स्तरीय कंपनियों के साथ अपने सहयोग पर गर्व है। ये भागीदारी शिक्षा की गुणवत्ता और सीजीसी झंजेरी सनतकों के लिए नियोक्ताओं के उच्च सम्मान का प्रमाण है। चूंकि सभी चयनित छात्र जुलाई 2024 से नियमित कर्मचारियों के रूप में अपनी-अपनी कंपनियों में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन्यजीव संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता



भारत दुनिया का सबसे बड़ा टाइगर रेंज वाला देश है। बाघ परियोजना के शुरू होने के समय 9 टाइगर रिजर्व थे, वहीं अब देश में 55 टाइगर रिजर्व हो गए हैं। बाघ अभ्यारणों के प्रबन्धन का प्रभाव, उसका मूल्यांकन, बाघों की पुनर्स्थापना जैसी नीतियों के साथ साथ नए टाइगर रिजर्व की घोषणा भी बाघों की संख्या में बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण है। भारत के इतिहास में बाघ का विशेष महत्व है। हिन्दू पौराणिक कथाओं में देवी दुर्गा बाघ की सवारी करती हैं। मां दुर्गा के पास अपार शक्ति है और बाघ उस शक्ति का मुख्य प्रतीक है। मध्यप्रदेश में दस हजार साल पुरानी रॉक कला पर बाघों का चित्रण पाया गया है। जब हम वन्य जीव संरक्षण की बात करते हैं तो उसमें सभी जीव का अपना महत्व है, किन्तु बाघ का महत्त्व हमारे लिए सदा विशेष रहा है, इसलिए इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई अभिनव पहल और प्रयास किए हैं, जिसका परिणाम हमारे सामने है। हम सबको ध्यान होगा कि बाघ परियोजना के 50 वर्ष पूरे होने के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण विषय का उल्लेख किया था उन्होंने कहा था कि 'मानवता का बेहतर भविष्य तभी संभव है, जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे और जैव विविधता का विस्तार होता रहे'। पिछले दस वर्षों में प्रकृति से जुड़ी मानवता के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे केंद्र सरकार के ठोस पहल के कारण ही पर्यावरण व वन्य जीव संरक्षण की नीतियों पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह एक संवेदनशील प्रधानमंत्री की नीतियों और नेतृत्व का ही परिणाम है कि भारत में न केवल बाघों की आबादी में वृद्धि हुई, बल्कि उन्हें अनुकूल वातावरण भी प्रदान किया जा रहा है। भारत में प्रकृति की रक्षा करना हमारी महान संस्कृति का अहम हिस्सा है और शायद यही वो कारण है, जिसकी वजह से भारत के पास वन्य जीव संरक्षण में कई अनूठी उपलब्धियां हैं। जिसपर हमें गर्व करना चाहिए, दुनिया के केवल 2.4ज्ञ् भूमि क्षेत्र के साथ भारत, वैश्विक जैव विविधता में लगभग 8ज्ञ् योगदान देता है। बाघों का संरक्षण और प्रयास व दिशा बाघों के संरक्षण और उनके संवर्धन की दिशा में बाघ परियोजना ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दस सालों में इस परियोजना को और अधिक गति मिली है, साथ ही उनके मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुरू किया गया इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस यानी आईबीसीए वन्य जीव संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बाघ परियोजना के 50 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन की जरूरत पर बल देते हुए कहा था कि- वन्यजीव संरक्षण किसी एक देश का मुद्दा नहीं है, बल्कि एक सार्वभौमिक मुद्दा है।यह एलायंस इसी भावना का विस्तार है। इसका शुभारंभ बाघ, शेर, तेंदुए, हिम तेंदुए, चीता, जगुआर और प्यूमा, यानी बिग कैट्स के संरक्षण के लिए हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस पहल की सराहना वैश्विक स्तर पर हो रही है। यह एलाइंस बाघ सहित अन्य बड़ी बिल्लियों और उनकी कई लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका का निर्वाह करेगा। बड़ी बिल्लियों(बिग कैटस) के निवास स्थान वाले देश एलायंस का हिस्सा बन रहे हैं।देश में वर्ष 1973 में बाघ परियोजना शुरू किया गया था। यह एक वन्य जीव संरक्षण पहल थी, जिसका प्राथमिक उद्देश्य टाइगर रिजर्व बनाकर बाघों की आबादी के प्राकृतिक आवासों में अस्तित्व और रख-रखाव को सुनिश्चित करना था। निश्चित तौर पर देश में बाघों के संरक्षण और उनकी सुरक्षा में यह परियोजना अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में इसमें गति आई है। इसकी सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए गर्व का विषय है। दुनिया के 70 प्रतिशत से अधिक बाघ भारत में निवास करते हैं। भारत में बाघों की संख्या 3,682 हैं। भारत में बाघ अभयारण्य लगभग 80 हजार वर्ग किलोमीटर भूमि पर फैले हैं। पिछले दस वर्षों में देश में बाघों की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 1973 में जब बाघ परियोजना शुरू हुई तो बाघों की गिनती के लिए वन विभाग के कर्मचारी उनके पदचिह्नों के निशान के लिए ग्लास और बटर पेपर का इस्तेमाल किया करते थे। अब वन विभाग के कर्मचारी नए जमाने की तकनीकी के साथ कदमताल करते हुए जियो टैगिंग और कैप्चर-मार्क-एंड-रीकैप्चर मेथड का इस्तेमाल करते हैंभारत दुनिया का सबसे बड़ा टाइगर रेंज वाला देश है। बाघ परियोजना के शुरू होने के समय 9 टाइगर रिजर्व थे, वहीं अब देश में 55 टाइगर रिजर्व हो गए हैं। बाघ अभ्यारणों के प्रबन्धन का प्रभाव, उसका मूल्यांकन, बाघों की पुनर्स्थापना जैसी नीतियों के साथ साथ नए टाइगर रिजर्व की घोषणा भी बाघों की संख्या में बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देशवासियों को लगातार वन्य जीवों के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। इसका भी सकारात्मक असर पड़ रहा है।पिछले वर्ष संपन्न हुए जी 20 की अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बाघों और प्रकृति संरक्षण की अपनी भावना को भारत सरकार ने निरंतर प्रोत्साहित किया। केंद्र सरकार चीते को नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लेकर आई है। भारत में जब चीते आए तो इसकी चहुंओर सराहना हुई। चीतों के आगमन से लोगों में और अधिक वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता आई।चर्चा का विषय बना रहा। लोगों में चीते को लेकर उत्सुकता रही। भारत में चीते का परिवार बढ़ रहा है। टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। भारत सरकार न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतर काम कर रही है, बल्कि प्रकृति एवं वन्य जीव संरक्षण की दिशा में भी निरंतर सार्थक प्रयास कर रही है।




# वैलोसिस सिस्टम कम्पनी के समक्ष सीटू के बैनर तले श्रमिकों ने किया धरना प्रदर्शन




**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडी।** नोएडा गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकल जाने के विरोध में वैलोसिस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ए- 11 व 25, सेक्टर- 67, नोएडा के संविदाकार मैसर्स प॰ोमाइंड इन्टीग्रेटेड मैनेजमेंट के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों ने कांटेक्ट लेबर इंप्लाइज यूनियन ठसीटूठ के बैनर तले यूनियन के महामंत्री व सीटू जिला महासचिव रामसागर, जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव रामस्वारथ, सदस्य विवेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कंपनी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरनारत श्रमिकों को कंपनी के संविदाकार और श्रम विभाग द्वारा समस्या के समाधान का लिखित आश्वासन दिए जाने और मुद्दे के समाधान के लिए अपर श्रम आयुक्त गौतम बुद्ध नगर के समक्ष 06 अगस्त 2024 को पक्षो को नोटिस जारी कर वार्ता की तारीख निश्चित किया गया। उक्त आधार पर यूनियन ने वैलोसिस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के समक्ष चल रहा धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यदि ,06 अगस्त 2024 को अपर श्रम आयुक्त के समक्ष प्रस्तावित वार्ता में समस्या का समाधान नहीं निकला तो कंपनी के समक्ष फिर से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# जो अधिकारी भ्रष्ट है उनको हमसे कष्ट है पुलिस हो या नोएडा प्राधिकरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडी।** नोएडा पूरे देश में पूरे विश्व में पौधारोपण अभियान चल रहा है लेकिन पौधारोपण के लिए जमीन नहीं है जी हां मैं बात कर कुछ अधिकारी फाइलों को दबाकर बैठ जाते है कुछ अधिकारी भूमाफियाओं से मिलकर अवैध अतिक्रमण करवाते हैं चाहे वह सडक हो या खाली मैदान ।



रहा हूं सेक्टर 44 नोएडा रॉयल रेजीडेंसी व कार्तिक कुंज सोसाइटी के सामने पार्क बनना है नोएडा प्राधिकरण के नक़्शे मे ये पार्क की जमीन है लेकिन कयी वर्षों से नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा उस पर अवैध अतिक्रमण करवा रखा है जिससे कि नोएडा प्राधिकरण के लिए भूलेख विभाग एवं लीगल विभाग दोनों विभागों की कार्यशाली पर प्रशन चिन्ह है इसी तरह नोएडा प्राधिकरण के सामान्य प्रशासन विभाग के वेंडर जोन मे भी यही हाल है कुछ अधिकारी सुनते हैं कुछ अधिकारी नहीं सुनते अतिक्रमण होने पर अपनी अवैध झूगियो मे कौन रह रहा है उसमे बिजली की चोरी हो या उसमे कोई भी अवैध कमर्शियल एक्टिविटी हो या झुग्गीयों में रह रहे लोग कहा से आये है किसको इन झुग्गी मे रहने दिया जा रहा है इनका कोई पुलिस सत्यापन नहीं है आये दिन झुग्गी मे रहने वालो की लड़ाई होना व पुलिस कों बुलाना यह रिहायशी सेक्टरो मे किस की मिलीभगत से चल रहा है । इन सभी पर प्रशासनिक अधिकारी इस का संज्ञान लेकर इस पर कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करते।

# तंग आ चुके हैं, आजादी चाहिए', तीसरी बार निकोलस मादुरो की जीत से भड़की जनता सड़कों पर बजाए बर्तन

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में राष्ट्रपति चुनाव के रिजल्ट 28 जुलाई को घोषित किए गए। निकोलस मादुरो




ने तीसरी बार जीत हासिल की। मादुरो ने अपने विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को हराकर 51 फीसदी वोट हासिल किए। हालांकि, विपक्ष की शानदार जीत की पूरी उम्मीद थी। मादुरो और नेशनल इलेक्टोरल अथॉरिटी के इस जीत के दावे के बाद से देश में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। वेनेजुएला राष्ट्रपति चुनाव के रिजल्ट की घोषणा के बाद से देश में तनाव का माहौल बना हुआ है। निकोलस मादुरो के तीसरी बार चुनाव जीतने का लोग जमकर विरोध कर रहे है। 28 जुलाई को चुनाव के रिजल्ट घोषित होने के बाद से लोगों में गुस्सा है और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में बर्तन बजा रहे है। सोमवार को वेनेजुएला के विभिनन शहरों और कस्बों में प्रदर्शनकारी एक साथ सड़कों पर उतरे और इस चुनाव का जमकर विरोध किया। दोपहर के समय सड़कों पर और वेनेजुएला में नेशनल इलेक्टोरल अथॉरिटी ऑफिस के बाहर भीड़ देखी गई। बता दें कि मादुरो 2025 से 2031 तक के लिए राष्ट्रपति बने रहेंगे। इस चुनाव को लेकर दावे किए गए है कि मादुरो ने अधिकांश वैध मतों से जीत हासिल की है। लेकिन, अमेरिका और अन्य जगहों की सरकारों ने इस रिजल्ट पर संदेह जताया है और मतों की पूरी गणना करने की मांग की।मादुरो की जीत से नाखुश जनता ने सड़कों पर चक्काजाम किया। लोग नारे लगा रहे है यह कहते हुए 'हम इससे तंग आ चुके हैं, हम आजादी चाहते हैं, हम अपने बच्चों के लिए आजादी चाहते हैं।' माराके शहर में मार्च देखने को मिला जहां लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में बर्तन बजाए। काराकस के एल वैले इलाके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। बता दें कि इस चुनाव का विरोध प्रदर्शन इसलिए किया जा रहा है क्योंकि लोग मादुरो से परेशान हो गए है। देश के आर्थिक संकट को लेकर जनता में अंसतोष है। मादुरो लगभग 11 साल से देश की सत्ता पर राज कर रहे है, जिसे हटाने के लिए विपक्षी एकजुट हो गया है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## अमिताभ बच्चन का नाम जोड़ने पर संसद में गरजीं जया बच्चन कहा- महिलाओं का कोई अस्तित्व नहीं है क्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** संसद में समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया सांसद ने जया अमिताभ बच्चन कहकर संबोधित किया। जिसे लेकर एक्ट्रेस भड़क गई और पति का नाम कृपया।ठ इस पर जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, ङ्कसर, सिर्फ जया बच्चन बोलते तो काफी होता। ये



बच्चन ने खुद को 'जया अमिताभ बच्चन' कहे जाने पर कड़ा एतराज जताया। अभिनेत्री ने इस टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ये महिलाओं की पहचान को खत्म करने का प्रयास है और इस प्रकार की टिप्पणियां महिलाओं के योगदान और उनकी स्वयं की पहचान को नजरअंदाज करती हैं। उसोमवार को संसद सत्र में उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने जया बच्चन को संबोधित करते हुए उनके मिडिल नाम का इस्तेमाल किया और जया अमिताभ बच्चन कहकर पुकारा, जिसे लेकर वो बुरी तरह भड़क गई। उन्होंने सभी को ये याद दिलाने में बिल्कुल वक्त नहीं गवाया कि उनकी अपनी भी एक पहचान है।संसद में चर्चा के दौरान जया बच्चन को एक पुरुष साथ जोड़ने पर एतराज जताया। जया बच्चन ने कहा कि समाज में महिलाओं की पहचान को अक्सर उनके पति या परिवार के सदस्यों के साथ जोड़ा जाता है जो कि उचित नहीं है। जया बच्चन ने उपसभापति को जवाब देते हुए उनके नाम के साथ अमिताभ बच्चन का नाम नहीं जोड़ने के लिए कहा। इसके साथ ही महिला को पति के नाम से पहचाने जाने के ट्रेंड को लेकर आपत्ति जताई। जया बच्चन ने कहा कि उन्हें ये नया ट्रेंड बिल्कुल पसंद नहीं है, जहां महिलाओं को उनके पति के नाम से जाना जाता है, क्यों महिलाओं का अपना कोई अस्तित्व नहीं होता है। जया बच्चन को संसद में बोलने के लिए बुलाते हुए हरिवंश नारायण सिंह ने कहा, ठश्रीमती जया अमिताभ बच्चन जी, जो है कुछ नया तरीका है कि महिलाएं अपने पति के नाम से जानी जाएंगी। उनका कोई अस्तित्व नहीं। उनकी कोई उपलब्?ध ही नहीं है, अपने में और अस्तित्व नहीं है। ये जो नया शुरू हुआ है, मैं तो बस...। संसद से जया बच्चन का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कई लोगों ने अभिनेत्री की सोच को सही ठहराया, क्योंकि शादी से पहले ही वो एक बड़ी अभिनेत्री बन गईं थीं और उनकी अपनी एक पहचान था। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि पतनी के साथ पति का नाम जोड़ने में क्या गलत है। खैर जो भी हो जया बच्चन एक बार फिर अपनी बेबाक राय के लिए नेटिजन्स के बीत चर्चा बटोर रही हैं।

## मैं उसके लेवल तक नहीं गिर सकता',विशाल पांडे ने थप्पड़ कांड को लेकर अरमान मलिक पर कसा तंज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 का माहौल दिनों-दिन और गर्म होता जा रहा है। हालांकि, अब शो अब अपने ग्रैंड फिनाले की ओर बढ़ रहा है। काफी उतार- चढ़ाव के बाद कुछ कंटेस्टेंट्स बिग बॉस की दौड़ में अभी भी टिके हुए हैं। वहीं, आखिरी पड़ाव के काफी करीब आकर हाल ही में कंटेस्टेंट विशाल पांडे को बिग बॉस ओटीटी 3 से अलविदा लेना पड़ा। बिग बॉस



ओटीटी 3 के घर में उन्हें लेकर खूब कॉन्ट्रोवर्सी हुई। कृतिका मलिक को लेकर अरमान मलिक के उनको थप्पड़ मारने के मामले ने खूब तूल पकड़ा था। वहीं, अब शो से बाहर आने के बाद विशाल ने अपने थप्पड़ कांड पर बात की है।बिग बॉस के घर में रहने के दौरान विशाल ने कई चुनौतियों का सामना किया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। घर से बेघर होने के बाद उन्होंने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि इस कठिन समय को अपने आत्मविश्वास और दोस्तों के सहयोग से पार किया। विशाल पांडे ने अरमान मलिक के थप्पड़ मारने वाली घटना पर भी रिएक्ट किया। विशाल पांडे ने न्यूज 18 शोशा के साथ बातचीत में उन घटनाओं को याद किया जो पायल मलिक के चौंकाने वाले दावों के बाद सामने आईं। इन्फ्लुएंसर ने कहा कि इस घटना ने लोगों के उनके प्रति व्यवहार को काफी हद तक बदल दिया। शो में कई लोगों ने उनसे बात करनी बंद कर दी थी। विशाल ने कहा, लवकेश कटारिया, सना मकबूल और शिवानी कुमारी को छोड़कर कोई भी मेरे साथ नहीं बैठता था। कोई भी मुझसे बात नहीं करता था। वे मुझे ऐसे देखते थे जैसे मैं कोई राक्षस हूं। ये बहुत मुश्किल था। मुझे घुटन महसूस होती थी। मेरे किरदार पर कमेंट किया जाता था। विशाल पांडे ने खुलासा किया कि बिग बॉस के घर में कई कंटेस्टेंट्स ने उन पर ये भी कमेंट किया कि उनकी वजह से लड़कियों ने छोटे कपड़े पहनना बंद कर दिया है और उनके इरादे अच्छे नहीं हैं। शो में खुद को लेकर हो रहे इस तरह के रवैये की वजह से विशाल अपने भविष्य को लेकर चिंता में पड़ गए थे। उन्होंने कहा, जिस दिन ये हुआ, मुझे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया, मेरा करियर खत्म हो गया, मेरे सपने चकनाचूर हो गए। मुझे लगा कि लोग मेरे साथ कोई काम नहीं करेंगा। ये बात परेशान कर रही थी, लेकिन मैंने किसी तरह इसे खुद को संभाला।

## आसिम रियाज की बदतमीजी देख भड़के टीवी एक्टर कुशाल टंडन और अर्जित तनेजा, बोले- 'इसे मदद की जरूरत है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी का मोस्ट स्टंट रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' 27 जुलाई से शुरू हो चुका है, खरी खोटी भी सुनाई है। बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट रहे आसिम रियाज का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने इन हरकतो पर गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा- मैंने पिछले साल खतरों के खिलाड़ी में काम किया था और यह मेरे जीवन का







जिसमें कई जाने माने चेहरे नजर आ रहे हैं। बिग बॉस 17 में नजर आ चुके अभिषेक कुमार से लेकर 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज, शालीन भनोट, नियति फतनानी, आशीष मेहरोत्रा, गशमीर महाजनी और शिल्पा शिंदे नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर शो के नए-नए प्रोमो भी सामने आ रहे हैं। सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें आसिम रियाज शो के होस्ट रोहित और कंटेस्टेट अभिषेक कुमार समेत क्रू मेंबर्स तक से लड़ते नजर आए। अब इस वीडियो पर कई टीवी सेलेब्स का रिएक्शन भी सामने आया है और आसिम को जमकर बेहद बदतमीजी की और अपनी अमीरी के बारे में भी बताया। ऐसे में अब इस पर अभिनेता कुशाल टंडन का रिएक्शन आया है। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा- काश उसने ऐसा मेरे सामने किया होता। उसे वास्तव में मदद की ज़रूरत है, मैं तीन स्टंट करने आया हूं, अरे भाई माल नहीं हैं जो मरेगा। जब उसने कहा कि मैं पैसे नहीं लूंगा अगर कोई टीम से वह स्टंट कर सकता है, तो ठीक है, उसे अपनी बात पर अड़े रहना चाहिए और कोई पैसा नहीं लेना चाहिए। कुशाल से पहले एक्टर अर्जित तनेजा ने भी पोस्ट शेयर कर आसिम की सबसे अच्छा समय था। यह लड़का स्पष्ट रूप से भ्रमित है, यह एक स्टंट आधारित शो है, बिग बॉस से छुटकारा पाएं। कोई भी बकवास नहीं करता है। मैं चाहता हूं कि वह मेरे सीजन में हो। पता नहीं रोहित सर ने इस बेवकूफ को कैसे सहन किया, गंभीर रूप से उन्हें मदद की जरूरत है। इन स्टार्स के अलावा सोशल मीडिया पर यूजर्स भी कमेंट्स कर रहे है। एक यूजर ने लिखा- ठउसे जो भी पैसा मिला है, उसके लिए उसे हर महीने अपनी कार बदलने के बजाय एक अच्छे डॉक्टर के पास जाना चाहिए। एक अन्य यूजर ने लिखा, इसके शो से निकालो और अस्पताल में डालो।

## किस धर्म को मानती हैं करीना कपूर खान और तैमूर के लिए घर में बजता था कौन सा भजन नैनी ने खोले राज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** करीना कपूर खान किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी बातों को लेकर तो कभी अपनी तस्वीरों को लेक करीना की तरह ही उनके बड़े बेटे तैमूर भी काफी पॉपुलर मुस्लिम फैमिली में शादी की, लेकिन एक्ट्रेस इन दोनों की धर्मों से ज्यादा किसी दूसरे धर्म को फॉलो करती हैं। ललिता ने बताया कि जब वह तैमूर की नैनी थीं, तब खान परिवार उनके साथ कैसा व्यवहार करता था। ललिता ने कहा कि करीना





हैं। जब से बेबो ने तैमूर की फोटो शेयर की, तब से उनका लाडला बेटा लोगों की आंख का तारा बना रहा। करीना, तैमूर के साथ ही ललिता डिसिल्वा की तस्वीरें भी वायरल होती थीं, जो कि तैमूर की नैनी थीं।ललिता डिसिल्वा ने हिंदी रश यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में करीना कपूर को लेकर कुछ बातें कीं। उन्होंने बताया कि करीना अपने बच्चों की बहुत प्यारी मां हैं। वह बहुत डिसिप्लिन में रहती हैं। उन्हें यह क्वॉलिटी अपनी मां बबिता से मिली है, क्योंकि वह भी काफी डिसिप्लिन्ड हैं। इसी के साथ ललिता ने बताया कि करीना किस धर्म को मानती हैं। बेबो हिंदू परिवार से आती हैं और उन्होंने और उनके ससुराल वाले सिंपल लोग हैं। खान परिवार में मॉर्निंग रूटीन कुछ इस तरह शुरू होता था कि करीना, सैफ और सभी स्टाफ एक ही खाना खाता था। सभी एक साथ खाना खाते थे। वहां ऐसा कुछ नहीं है कि अलग-अलग खाना है या अलग तरह का खाना स्टाफ और घरवालों के लिए होना चाहिए। ललिता ने करीना की स्पिरिचुअल साइड का भी खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस क्रिश्चियन धर्म को फॉलो करती हैं। मगर तैमूर को वह 'इक ओंकार' भजन सुनवाती थीं। बतौर ललिता, करीना अपने बेटे को पॉजिटिव वाइब्स से घिरे रखने के लिए इस भजन को उसे सुनवाती थीं।

## जेनिफर एनिस्टन के साथ शूटिंग पर हुआ हादसा, एक्ट्रेस पर फेंका गया काला पेंट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 90 के दशक के फेमस अमेरिकन शो 'फ्रेंड्स' तो आपको याद ही होगा। आज भी इस शो देख सकते हैं एक्ट्रेस भीड़ के बीच नजर आ रही हैं और अपने फोन में वीडियो बना रही है। तभी अचानक उन पर कोई काला पेंट उनकी शूटिंग का पार्ट है। जेनिफर एनिस्टन के साथ ऐसा हकीकत में नहीं हुआ है। वो मैनहटन में 'द मॉर्निंग शो' सीरीज के आखिरी



को देख दर्शक पुराने यादें ताजा करते नजर आते हैं। इस शो में रॉशेल ग्रीन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन इस वक्त चर्चा में है। सोशल मीडिया पर उनकी फोटोज और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसे देख फैंस भी एक पल के लिए हैरान रह गए। भीड़ के बीच एक्ट्रेस पर फेंका पेंट हॉलीवुड एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन को लेकर खबर है कि उन पर किसी ने काला पेंट फेंक दिया। सोशल मीडिया पर ये फोटोज और वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिनमें फेंक देता है। एक्ट्रेस के सारे कपड़ों पर काला पेंट लगता नजर आ रहा है। ये देखकर वो और उनके आस पास की भीड़ भी हैरान-परेशान नजर आ रही है।हॉलीवुड एक्ट्रेस और फेमस शो फ्रेंड्स में नजर आ चुकी 55 साल की जेनिफर एनिस्टन इन दिनों एक बार फिर चर्चा का विषय बनी हुई है । उन्होंने कम उम्र में एक अभिनेत्री के रूप में काम करना शुरू कर दिया था । उनकी पहली फिल्म 1993 में रिलीज हुई थी जो एक हॉरर कॉमेडी थी । वैसे आपको बता दें एक्ट्रेस के साथ ये हादसा सीजन की शूटिंग कर रही है और ये उनकी शूटिंग का पार्ट था, जिसे सोशल मीडिया पर लोग असली हादसा समझ रहे हैं। हबता दें, खबर है कि जेनिफर 'द मॉर्निंग शो' में एलेक्स का किरदार निभा रही हैं। इस शो में जेनिफर के अलावा ोिा ाोंृपैज्ददह भी हैं। कहानी दो एंकर्स की है, जिनके बीच दुश्मनी है। इस बार सीजन 4 आने वाला है।सीजन 4 के प्रीमियर से पहले, द मॉर्निंग शो के पहले तीन सीजन ऐप्पल टीवीह पर स्ट्रीम किए जा चुके हैं।

## तबाही मचाने आ रहा है सौरोन 'रिंग्स ऑफ पावर' के दूसरे सीजन का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो की दुनिया की पॉपुलर सीरीज 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के पहले सीजन को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब मेकर्स सीजन 2 के साथ हाजिर होने वाले हैं। 'द लॉर्ड ऑफ रिंग्सः द रिंग्स को शो के निर्माता जे.डी.पेन, एक्ट्रेस अभिनेत्री और फेमस जेनर फैन यवेट निकोल ब्राउन की मौजूदगी में लॉन्च किया गया।ओटीटी पर अंग्रेजी भाषा में रिलीज होने वाले हॉलीवुड के कई प्रोजेक्ट हैं जिनकी कहानी ने लोगों के दिलों को छुआ का इस्तेमाल कर सौरोन ने वह अंगूठी बनाई है, जिसे 'रिंग्स ऑफ पावर' कहा जाता है।कमाल के बैकग्राउंड म्यूजिक और डायलॉग्स के साथ ये शो अगले महीने अमेजन प्राइम पर दस्तक दे रहा है। ट्रेलर को देख फैंस काफी एक्साइटेड हो




ऑफ पावर' सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर ने आते ही सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। 'रिंग्स ऑफ पावर' सीजन 2 का ट्रेलर हुआ जारी अमेजन प्राइम की ये वेब सीरीज ओटीटी पर अगले महीने दस्तक देने के लिए तैयार है। शुक्रवार को सैन डिएगो में 'रिंग्स ऑफ पावर' के दूसरे सीजन का ट्रेलर लॉन्च किया गया। नए सीजन में काफी कुछ नया और ऐसा होगा, जो पहले से भयानक हो सकता है। इस ट्रेलर है। ऐसी ही एक सीरीज है द लॉर्ड ऑफ रिंग्स रिंग्स ऑफ पावर। पहले सक्सेसफुल सीजन के बाद मेकर्स अब दूसरे सीजन के साथ हाजिर होने वाले हैं। हाल ही में शो को धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया है। एक्शन से भरपूर 'रिंग्स ऑफ पावर' के दूसरे सीजन में एक बार फिर विलेन सौरोन का आतंक देखने को मिलेगा। वह पृथ्वी पर अंधकार और बुराई की वापसी का एलान करता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे धोखे और छल की शक्तियों गए हैं। एक यूजर ने कमेंट किया कि वह इस शो के शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते।नए सीजन में एक काल्पनिक दुनिया के तहत काफी कुछ दिखाया गया है। सीजन 2 में बैरो-वाइट्स की सेना, हिल-ट्रॉल डैमरोड, एक समुद्री कीड़ा भी शामिल है। 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर' का दूसरा सीजन 29 अगस्त को अमेजन प्राइम पर प्रीमियर किया जाएगा।

## बहुत जल्द बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं अलीजेह अग्निहोत्री के भांजे अयान अग्निहोत्री, एक्टर ने शेयर किया गाने का टीजर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान ने बॉलीवुड में कई एक्टर-एक्ट्रेसेज को लॉन्च करके उनका करियर संवारा है। इससे पहले सलमान खाना की भांजी अलीजेह अगिन्होत्री ने फिल्म फर्रे से बॉलीवुड डेब्यू किया था। अब एक्टर के घर का एक और सदस्य बहुत जल्द फिल्मों में नजर आने वाला है। सलमान ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक गाने का टीजर शेयर किया जिसका नाम पार्टी फीवर है। सलमान ने शेयर किया गाना इसमें उनके भाजें अयान अगिन्होत्री भी नजर आ रहे हैं। वैसे तो एक्टर ने इसके बारे में और ज्यादा कोई जानकारी शेयर नहीं की है लेकिन ऐसा लग रहा है कि वह बॉलीवुड में जल्द डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सलमान ने इसे पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा 'कल कुछ एक्साइटिंग आने वाला है।'सलमान खान के बाद उनके घर की अगली पीढ़ी भी बॉलीवुड में नाम रौशन करने के लिए तैयार है। उनकी बहन अलवीरा अगिन्होत्री के बेटे अयान बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। इसका एक टीजर भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया जोकि एक पार्टी सॉन्ग है। इसके अलावा उनकी भांजी अलीजेह अगिन्होत्री भी अपना डेब्यू कर चुकी हैं। ये एक पार्टी सॉन्ग है जिसमें फुल ऑन पार्टी का माहौल बना रखा है और दोस्त एक दूसरे के साथ मस्ती कर रहे हैं। अभी यह क्लियर नहीं है कि यह एक म्यूजिक वीडियो है या गाना है। अयान ने भी इसे अपने इंस्टा हैंडल पर साझा करते हुए लिखा,इस साल का पार्टी एंथम आ गया है और हम अपने आपको डांसिंग शूज पहनने से रोक नहीं पा रहे हैं!! पार्टी फीवर आपको थिरकने पर मजबूर कर देगा।ठ अयान अगिन्होत्री सलमान खान की बहन अलवीरा खान अगिन्होत्री और अतुल अगिन्होत्री के बेटे हैं। अलवीरा फिल्म निर्माता और फैशन डिजाइनर हैं। कपल के दो बच्चे अयान और अलिजेह हैं। सलमान खान की खूबसूरत भांजी के तौर पर अलिजेह काफी चर्चा में रहती हैं। अलवीरा ने सलमान की फिल्म सुल्तान में ड्रेस डिजाइन किया था जिसके लिए उन्होंने स्टारडम अवार्ड मिला था।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।